# जीएमएन कॉलेज अंबाला छावनी में नई शिक्षा नीति पर एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन



अम्बाला हलचल

**अम्बाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज अंबाला छावनी में न्यू एजुकेशन पॉलिसी (नई शिक्षा नीति) पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ अनीता दुआ, प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ बायोकेमिस्ट्री इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेट ऑनर्स स्टडीज, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रही। कार्यशाला के शुभारंभ में कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान डॉ. गुरुदेव सिंह एवं वित सचिव डॉ. आलोक गुप्ता तथा प्राचार्य डॉ वीके जैन ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्य वक्ता का अभिनंदन किया। इसके पश्चात कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए प्राचार्य डॉ वी.के जैन ने इस कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ. अनीता दुआ ने बड़े ही विस्तार से नई शिक्षा नीति की पृष्ठभूमि एवं भविष्य को व्यक्त किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई का अब बीच में छोड़ने पर नुकसान नहीं होगा तथा नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थी तकनीकी रूप से भी सक्षम हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति में परंपरागत मूल्यों को जोड़ा गया है, जिससे विद्यार्थी का चहुंमुखी विकास होगा। इस नई नीति में अध्यापक की विद्यार्थियों के प्रति जिम्मेदारी और भी बढ़ जाएगी। वह मात्र ज्ञान को ही नहीं अपितु ज्ञान के क्षेत्रों को भी खोलेंगे। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति में बहुगतिविधियों का समायोजन है। भाषा-कौशल नई शिक्षा नीति का आधार है, जिसमें विद्यार्थी अपनी कलात्मक भाषा द्वारा समाज, देश और वैश्विक स्तर पर अपना योगदान दे सकेगा।